रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 297] नई दिल्ली, बुधवार, अगस्त 21, 2019/श्रावण 30, 1941
No. 297] NEW DELHI, WEDNESDAY, AUGUST 21, 2019/SHRAVANA 30, 1941

महापत्तन प्रशुल्क प्राधिकरण

अधिसूचना

मुंबई, 9 अगस्त, 2019

सं.टीएएमपी/12/2019-एमयूसी.—महापत्तन न्यास अधिनियम, 1963 (1963 का 38) की धारा 48 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करने हुए महापत्तन प्रशुल्क प्राधिकरण एतद द्वारा सभी महापत्तन न्यासों और उनमें परिचालित बीओटी प्रचालकों के लिए दिल्ली-मुंबई औद्योगिक कारिडोर विकास निगम (डीएमआईसीडीसी) के तार्किक आंकड़ा बैंक (एलडीबी) परियोजना के लिए अनिवार्य प्रयोक्ता प्रभार (एमयूसी) की उगाही के लिए डीएमआईसीडीसी से प्राप्त प्रस्ताव का, इसके साथ संलग्न आदेशानुसार, अनुमोदन करता है।

महापत्तन प्रशुल्क प्राधिकरण

मामला संख्या टीएएमपी/12/2019-एमयूसी

गणपूर्ति

(i). **श्री टी.एस.बालसुब्रमनियन, सदस्य (वित्त)**

(ii). **श्री रजत सच्चर, सदस्य (आर्थिक)**

आदेश

(जुलाई, 2019 के 24वें दिन पारित)

यह मामला सभी महापत्तनों न्यासों और उनमें परिचालित बीओटी प्रचालकों के लिए दिल्ली-मुंबई औद्योगिक कारिडोर विकास निगम (डीएमआईसीडीसी) के तार्किक आंकड़ा बैंक (एलडीबी) परियोजना के लिए अनिवार्य प्रयोक्ता प्रभार (एमयूसी) की उगाही के लिए डीएमआईसीडीसी से प्राप्त प्रस्ताव से संबंधित है।

2.1. भारत सरकार वैश्विक निर्माण और निवेश गंतव्य के रूप में दिल्ली-मुंबई औद्योगिक गलियारा विकसित कर रही है। इस प्रयोजन के लिए, दिल्ली-मुंबई औद्योगिक कारिडोर (डीएमआईसी) परियोजना के प्रबंधन के लिए दिल्ली-मुंबई औद्योगिक गलियारा विकास निगम (डीएमआईसीडीसी) नामक एक विशेष प्रयोजनीय वाहन (एमपीवी) का निगमन किया गया है।

2.2. कार्गो संचालन में शामिल सभी हितधारियों के पास अपने प्रचालन के प्रबंधन के लिए उनकी अपनी सूचना प्रणाली है। चूंकि ये प्रणालियां परस्पर संबद्ध नहीं है, इसलिए ये वास्तविक समय आधार पर सूचनाओं का आदान-प्रदान नहीं करते हैं। पत्तन से आईसीडी और अंतिम प्रयोक्ताओं तक कंटेनरों के संचालन पर नजर रखने के लिए डीएमआईसीडीसी ने तार्किक आंकड़ा बैंक (एलडीबी) की अवधारणा को एकल आपूर्ति श्रृंखला की विभिन्न एजेंसियों के पास उपलब्ध सूचना के एकीकरण के लिए विकसित किया है। यह परियोजना आपूर्ति श्रृंखला में कंटेनरों के आवागमन पर नजदीकी वास्तविक समय दृश्यता प्रदान करती है, जिससे कंटेनर तार्किक आवागमन सुगम होगा।

2.3. इस संबंध में, यह स्मरण कराया जाता है कि सरकार ने यह निर्णय लिया है कि, जवाहरलाल नेहरु पत्तन न्यास (जेएनपीटी) प्राधिकरण को अपने दरमानों के एक भाग के रूप में, एलडीबी परियोजना के अनिवार्य प्रयोक्ता प्रभार (एमयूसी) की अधिसूचना का प्रस्ताव करें।

2.4. तदनुसार, सितंबर, 2014 में जेएनपीटी के माध्यम से डीएमआईसीडीसी द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव और जेएनपीटी और वहां प्रचालन कर रहे बीओटी प्रचालकों और जेएनपीटी के प्रयोक्ताओं के साथ परामर्शी प्रक्रिया के आधार पर इस प्राधिकरण ने अपने 13 फरवरी, 2015 के आदेश संख्या टीएएमपी/49/2014-जेएनपीटी के द्वारा जेएनपीटी के सभी कंटेनरों (सिवाए पोतांतरण और तटीय के) वर्ष 2016-17 के लिए 125/-रु. प्रति कंटेनर, वर्ष 2017-18 के लिए 135/-रु. प्रति कंटेनर और वर्ष 2018-19 के लिए 145/-रु. प्रति कंटेनर (सिवाए पोतांतरण और तटीय के) जेएनपीटी और जेएनपीटी स्थित बीओटी टर्मिनलों पर नामत: न्हावाशेवा इंटरनैशनल कंटेनर टर्मिनल प्राइवेट लिमिटेड (एनएसआईसीटीपीएल) और गेटवे टर्मिनल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (जीटीआईपीएल)पर अनिवार्य प्रयोक्ता प्रभार (एमयूसी) की उगाही का अनुमोदन किया था। एमयूसी की उक्त उगाही को क्रमश: जेएनपीटी, एनएसआईसीटीपीएल और जीटीआईपीएल के दरमानों में अंतर्विष्ट किया गया था। उक्त आदेश में प्रशुल्क की वैधता 31 मार्च, 2019 तक निर्धारित की गई थी।

2.5. तत्पश्चात्, पोत परिवहन मंत्रालय (एमओएस) ने अपने 06 जून, 2018 के पत्र संख्या पीडी-14033/34/2017-पीडी-V के द्वारा इस प्राधिकरण को वर्ष 2018-19 के लिए जेएनपीटी के समान दर पर सभी महापत्तन न्यासों और उनमें प्रचालित टर्मिनलों के दरमानों में डीएमआईसीडीसी द्वारा प्रदान की जाने वाली एलडीबी सेवा के लिए कंटेनरों पर एमयूसी की उगाही के लिए एक उपबंध निर्धारित करने के लिए सभी महापत्तन न्यासों और उनमें प्रचालित टर्मिनलों को लागू एक कॉमन आदेश जारी करने का निर्देश दिया।

2.6. एमओएस के पत्र के अनुसरण में, इस प्राधिकरण ने 8 जून, 2018 को एक कॉमन आदेश संख्या टीएएमपी/46/2018-एमयूसी पारित किया था। जिसमें सभी महापत्तन न्यासों और उनमें प्रचालित टर्मिनलों के दरमानों में डीएमआईसीडीसी द्वारा प्रदान की जाने वाली एलडीबी सेवा के लिए कंटेनरों पर एमयूसी की उगाही के लिए एक उपबंध अंतर्विष्ट करने का अनुमोदन किया। यह आदेश भारत के राजपत्र में 3 जुलाई, 2018 के राजपत्र संख्या 248 को अधिसूचित हुआ था और यह अधिसूचना की तारीख से अर्थात् 3 जुलाई, 2018 से प्रभावी हुआ और 31 मार्च 2019 तक वैध था।

2.7. इसके आगे, एमओएस ने 06 जून, 2018 के पत्र संख्या पीडी-14033/34/2017-पीडी-V के द्वारा सभी महापत्तन न्यासों को पहले ही अनुरोध किया था कि एमयूसी की उगाही के लिए एक प्रस्ताव बनाने के लिए डीएमआईसीडीसी से समन्वय स्थापित करें और उस प्रस्ताव को 01 अप्रैल, 2019 से प्रभावी एमयूसी का अनुमोदन इस प्राधिकरण से प्राप्त करें।

3.1. इस पृष्ठभूमि में डीएमआईसीडीसी ने 14 जनवरी, 2019 के पत्र के द्वारा डीएमआईसीडीसी के एलबीडी के नवीकरण का प्रस्ताव प्रस्तुत किया। डीएमआईसीडीसी के प्रस्ताव में किये गये निवेदनों का सार नीचे दिया जाता है:-

(i). डीएमआईडीसी तार्किक आंकड़ा बैंक (डीएलडीएसएल) राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यान्वयन न्यास (एनआईसीडीआईटी) और एनईसी निगम का विशेष प्रयोजनीय वाहन (एसपीवी) है जो 30 दिसंबर 2015 को निगमित हुई ताकि कंटेनर ढुलाई आपूर्ति की संपूर्ण श्रृंखला अपेक्षित पारदर्शिता और स्पष्टता लाने के लिए सरकार द्वारा की गई समग्र लेनदेन लागत को घटाया जा सके।

(ii). डीएलडीएसएल का उद्देश्य पूरे भारतीय संभरण क्षेत्र में प्रभावी उत्तोलन आईसीटी, विभिन्न प्रक्रियाओं में से सर्वोत्तम को अपनाना और आपूर्ति श्रृंखला में कुशलता लाना है।

(iii). डीएलडीएसएल का तार्किक आंकड़ा बैंक (एलडीबी) प्रणाली निर्यात आयात (एक्जिम) कंटेनर को पत्तन टर्मिनलों से अंतर्देशीय कंटेनर डिपो (आईसीडी)/कंटेनर भाड़ा स्टेशनों (सीएफएस) तक लाना और टॉल प्लाजाओं पर से गुजारना और व्यापार के लिए विभिन्न वैश्लेषिक सृजित करना ताकि गत्यावरोधों को दूर कर प्रक्रियाओं को सुगम बनाया जा सके। समयक सूचना एलडीबी के पोर्टल www.ldb.co.in पर दी गई है।

(iv). एलडीबी हितधारकों की वर्तमान आईटी प्रणालियों से एकीकृत होंगे और एकल खिड़की अंतरापृष्ठ के माध्यम से एंड-टू-एंड ट्रैकिंग सूचना देंगे तथा सेवाएं आरएफआईटी प्रौद्योगिकी द्वारा प्रदान की जायेंगी और हितधारकों की विभिन्न प्रणालियों के साथ जोडेंगी ।

(v). ऑनलाइन एलडीबी आयात/निर्यात कंपनियों को ट्रैकिंग प्रणाली सुगमता से ट्रैकिंग करती है, सरल ट्रैकिंग उपलब्ध कराती है और प्रभावी उपयोगिता प्रदान करती है। यह प्रयोक्ताओं को निकटवर्ती वास्तविक समय स्थान निर्धारण और सड़क या रेल मार्ग से आवाजाही के दौरान कंटेनर टाइम स्टैम्प की अनुमति देता है। इस प्रकार, यह निर्यातकों और आयातकों के लिए लागत और समय कम करते हुए "व्यापार में सुगमता" को संवर्धित करता है।

(vi). एलडीबी कंटेनर ट्रैकिंग सेवा भारत के सबसे बड़े कंटेनर प्रहस्तन पत्तन टर्मिनलों जवाहरलाल नेहरू पत्तन टर्मिनल (जेएनपीसीटी, एपीएम टर्मिनल, एनएसआईसीटी और एनएसआईजीटी टर्मिनल) पर जुलाई 2016 में आरंभ की गई थी।

(vii). पूरे जेएनपीटी में एलडीबी परियोजना की सफलता के आधार पर, परियोजना को मई, 2017 में भारत के सबसे बड़े मुंद्रा (4 टर्मिनल) तथा हजीरिया में अदानी के निजी टर्मिनलों और अप्रैल 2018 में जेएनपीटी में नए बनाये गए भारत मुंबई कंटेनर टर्मिनल (बीएमसीटी) पर विस्तारित किया गया था।

(viii). 18 दिसंबर, 2017 को भारत के दक्षिणी और पूर्वी गलियारे में स्थित सभी पत्तन टर्मिनलों पर आरंभ और कार्यान्वित किया गया। परियोजना आधुनिक प्रौद्योगिकी तथा उत्तम प्रथाओं का प्रयोग करते हुए भारतीय कंटेनर ढुलाई आपूर्ति श्रृंखला को इष्टतम करने में सहायक है। इस समय एलडीबी प्रणाली भारत के 22 पत्तन टर्मिनलों में प्रचलित है और भारत के कंटेनर भार का 90-95% से अधिक की कंटेनर सेवाएं प्रदान कर रही है।

(ix). डीएमआईसीडीएस में एलडीबी की कार्यप्रणाली और कंटेनर ट्रैकिंग के लिए एलडीबी के बारे में संक्षिप्त सूचना दी गई है।

(x). एलडीबी परियोजना आंकड़ा विश्लेषण के माध्यम से अवरोधों को उजागर करते हुए पूरे भारत वर्ष में कंटेनर आवाजाही में सुधार लाने के लिए काफी योगदान दे रही है। परियोजना के प्रचलन के दौरान सुधार के मुख्य क्षेत्र निम्नवत् हैं:-

- पत्तन से आईसीडी परिवहन समय में 57% तक की कमी।
- पत्तन ठहराव समय (आयात चक्र) 49% तक कमी।
- पत्तन ठहराव समय (निर्यात चक्र) 22% तक कमी।
- आईसीडी ठहराव समय 20% तक कमी।
- टॉल प्लाज़ा के आस-पास *Co2* उत्सन में समग्र घटौती *7%*

• (xi). वित्तीय संक्षेपण इस प्रकार है:

पिछले 3 वर्षों के लिए डीएमआईसीडीसी तार्किक आंकड़ा सेवाओं का तुलन पत्र			
विवरण	**31.03.2018 को**	**31.03.2017 को**	**31.03.2016 को**
I. इक्विटी व देयताएं			
शेयरधारक निधि			
शेयर पूंजी	8,03,96,000	8,03,96,000	5,00,000
रिजर्व व अतिरेक	(5,28,71,556)	(3,76,42,070)	(89,381)
अप्रचलित देयताएं			
दीर्घकालीन उधार	12,75,00,000	12,75,00,000	-

पिछले 3 वर्षों के लिए डीएमआईसीडीसी तार्किक आंकड़ा सेवाओं का तुलन पत्र			
विवरण	**31.03.2018 को**	**31.03.2017 को**	**31.03.2016 को**
आस्थगित कर देयता	79,90,038	-	-
चालू देयताएं			
व्यापार संदेय	20,34,00,263	1,74,78,852	-
अन्य चालू देयताएं	93,05,854	70,57,787	-
अल्पकालीन प्रावधान	1,63,82,295	-	-
योग	**39,21,02,894**	**19,47,90,569**	**5,04,290**
II. आस्तियां			
अप्रचलित आस्तियां			
स्थायी आस्तियां			
I. मूर्त आस्तियां	5,47,22,924	7,03,59,678	-
II. अमूर्त आस्तियां	5,68,74,167	4,71,21,801	-
दीर्घकालीन ऋण और अग्रिम	2,62,55,273	50,09,091	-
चालू आस्तियां			
मालसूची	16,90,884	-	-
व्यापार प्राप्तव्य	10,16,23,859	2,07,70,689	-
रोकड़ व रोकड़ समान	7,49,61,585	54,68,883	5,00,000
अन्य चालू आस्तियां	7,59,74,202	4,60,60,427	4,290
योग	**39,21,02,894**	**19,47,90,569**	**5,04,290**

(xii). प्राधिकरण ने अपने 29 अक्तूबर, 2014 (मामला संख्या टीएएमपी/49/2014-जेएनपीटी) के द्वारा, जो भारत के राजपत्र में 14 नवंबर, 2014 को राजपत्र संख्या 328, 13 फरवरी 2015 के सकारण आदेश के साथ पठित, जेएनपीटी पत्तन टर्मिनलों के लिए जेएनपीटी के वर्ष 2016-17 के लिए 125/-रु. प्रति कंटेनर, वर्ष 2017-18 में 135/-रु. प्रति कंटेनर और वर्ष 2018-19 में 145/-रु. प्रति कंटेनर के एमयूसी की उगाही अनुमोदित की थी।

(xiii). संपूर्ण भारत में प्रचालन के लिए पोत परिवहन मंत्रालय (एमओएस) ने अपने 06 जून, 2018 के पत्र संख्या पीडी-14033/34/2017-पीडी-V के द्वारा इस प्राधिकरण को वर्ष 2018-19 के लिए जेएनपीटी के समान दर पर सभी महापत्तन न्यासों और उनमें प्रचालित टर्मिनलों के दरमानों में दिल्ली-मुंबई औद्योगिक कारिडोर विकास निगम (डीएमआईसीडीसी) द्वारा प्रदान की जाने वाली तार्किक आंकड़ा बैंक (एलडीबी) परियोजना सेवा के लिए कंटेनरों पर अनिवार्य प्रयोक्ता प्रभार (एमयूसी) की उगाही के लिए एक उपबंध निर्धारित करने के लिए सभी महापत्तन न्यासों और उनमें प्रचालित टर्मिनलों को लागू एक कॉमन आदेश जारी करने का निर्देश दिया यानी 145/- रु. + जीएसटी प्रति कंटैनर।

(xiv). प्राधिकरण ने अपने 8 जून, 2018 के कॉमन आदेश (मामला संख्या टीएएमपी/46/2018-एमयूसी), जो भारत के राजपत्र में 3 जुलाई 2018 को राजपत्र संख्या 248 में अधिसूचित हुआ था, के द्वारा डीएलडीएसएल द्वारा प्रदान की जा रही तार्किक आंकड़ा बैंक सेवा के लिए अनिवार्य प्रयोक्ता प्रभार (एमयूसी) की उगाही करने का निर्देश दिया अर्थात् 145 रु+ ग्राह्य कर प्रति कंटेनर।

(xv). एलडीबी परियोजना को भारत में अन्य पत्तनों तक भी विस्तारित किया गया नामत: दीनदयाल पत्तन का 1 टर्मिनल, न्यू मंगलोर पत्तन का 1 टर्मिनल कोचीन पत्तन का 1 टर्मिनल, चैन्नई पत्तन के 2 टर्मिनल, विशाखापट्टणम पत्तन का 1 टर्मिनल, कट्टूपल्ली पत्तन का 1 टर्मिनल, कोलकाता पत्तन के 2 टर्मिनल, वीओ चिदंबरनार पत्तन का एक टर्मिनल, कृष्णापत्तनम पत्तन का 1 टर्मिनल जेएनपीटी का भारत मुम्बई टर्मिनल। डीएलडीएसएल, वर्तमान में मरमुगांव, कमरजार और मुंबई पत्तनों पर एलडीबी सेवाओं के क्रियान्वयन पर कार्य कर रहा है जो 15 फरवरी, 2019 से प्रचालित हो जायेंगी।

(xvi). अवसंरचना पर आवश्यक निवेश पहले ही कर दिया गया है और चल रहे परिचालन डीएलडीएसएल द्वारा किये जा रहे हैं जो पत्तन टर्मिनल प्रचालकों से बाह्य है। अत: निवेश की वसूली पत्तन टर्मिनल प्रचालकों का विशेषाधिकार नहीं होगा।

(xvii). परिणामस्वरूप, प्रत्येक 3 वर्ष पर सभी संबंधित हितधारकों को प्रस्ताव स्वीकार करना होगा और अस्वीकृति के मामले में किसी एक पक्ष की परियोजना की वित्तीय कठिनायी भुगतनी पड़ सकती है।

3.2. डीएमआईसीडीसी ने अपने प्रस्ताव में आगामी तीन वित्तीय वर्षों अर्थात् 2019-20, 2020-21 और 2021-22 के लिए आकलनों के आधार पर लागत विवरण प्रस्तुत किया है। प्रस्ताव में दिया गया लागत विवरण नीचे दिया जा रहा है:-

वर्ष की संख्या		3				
वर्ष			**वि.व. 2019-20**	**वि.व. 2020-21**	**वि.व 2021-22**	
प्रचालन के महीने			12	12	12	(मिलियन रु. में)
						योग
राजस्व	एमयूसी से राजस्व (क)		947.8	1059.4	1179.8	**3186.9**
प्रत्यक्ष लागत - एमडीओएम	एलडीबी पैकेज लाइसेंस		97.9	97.9	97.9	**293.8**
	एलडीबी पैकेज समर्थन		74.1	74.1	74.1	**222.2**
	आरएफआईडी साधन विकास		41.1	41.1	41.1	**123.3**
	आरएफआईडी समर्थन		14.0	14.0	14.0	**42.0**
	सीओएलए सहित कुल हैल्प डैस्क लागत		53.6	54.7	55.8	**164.1**
	कुल हास्टिंग प्रभार		19.7	20.6	21.6	**61.9**
	सीओएलए के साथ कुल परियोजना प्रबंधन लागत		61.0	68.2	75.8	**205.1**
	यात्रा की कुल लागत		41.1	47.6	48.2	**142.9**
	संचार लागत + आरएफआईडी के लिए आकस्मिकता व्यय		34.94	35.84	36.73	**107.5**
	कुल क्योसक लागत	65%	2.5	2.5	2.5	**7.6**
	क्योसक की कुल विद्युत लागत	65%	3.2			**3.2**

	आरएफआईडी संस्थापन + हार्डवेयर जैसे यूपीएस, खम्बे, केबल, पंखासहित पीसीएस की आवर्ती लागत		11.78	15.81	19.84	**47.4**
	आरएफआईडी संचालन + रखरखाव		253.0	253.0	253.0	**759.0**
हार्डवेयर+ एफओआईएस	आरएफआईडी टैग लागत		92.0	96.6	101.5	**290.2**
	आरएफआईडी रीडर लागत		80.0	95.3	110.6	**285.8**
	कुल विद्युत व्यय		5.9	6.5	7.2	**19.7**
	एफओआईएस लागत	65%	2.6	2.6	2.6	**7.8**
	योग प्रत्यक्ष लागत (ख)		894.61	926.51	962.4	**2783.5**
सकल लाभ	सकल लाभ (ग)		53.2	132.9	217.4	**403.4**
	सकल लाभ (%)		6%	13%	18%	**13%**
एसजीए व्यय	स्टाफ का वेतन		22.6	24.4	26.3	**73.3**
	बाजार कार्यकलापों की कुल लागत		5.3	5.9	6.5	**17.7**
	यात्रा की कुल लागत		2.3	2.5	2.7	**7.5**
	कुल लेखापरीक्षा प्रभार		0.7	0.7	0.8	**2.2**
	कार्यालय का किराया		2.5	2.7	3.0	**8.2**
	योग एसजीए व्यय (घ)					
प्रचालन लाभ	प्रचालन लाभ (ङ)		19.9	99.4	181.1	**300.3**
	प्रचालन लाभ (%)		2.1%	9%	15%	**9%**
		हानि (योग)	10.6	15.9	26.4	**53**
अन्य व्यय / आय	हानियां (महापत्तन)	65%	639	10.3	17.2	**34.5**
	ऋण पर ब्याज	65%	7.1	7.1	7.1	**21.3**
	योग अन्य व्यय (ङ)		14.0	17.4	24.3	**55.8**
निवल लाभ	निवल लाभ (च)		53.88	81.97	156.71	**244.56**
	निवल लाभ (%)		0.6%	7.7%	13.3%	**7.7%**

3.3. एलडीबी सेवाओं का प्रस्ताव बनाने में सुविचारित संकल्पों का आधार हैं:

(i). राजस्व परिकलन:

(क). वित्त वर्ष 2019-20 के लिए सुविचारित कुल कंटेनर प्रमात्रा महापत्तनों और लघु पत्तनों के लिए 9.9 मिलियन बक्से हैं।

(ख). वि.व. 2020-21 और 2021-22 के लिए कंटेनर प्रमात्रा में 5% वार्षिक वृद्धि को हिसाब में लिया गया है।

(ग). कंटेनर प्रमात्रा को महापत्तनों और लघु पत्तनों में विभक्त किया गया है। महा और लघु पत्तनों के बीच कंटेनर प्रमात्रा का अनुपात प्रस्ताव में 65:35 को सुविचार में लिया गया है। इसी अनुपात का प्रयोग महापत्तनों के प्रस्ताव में कॉमन लागत में विभाजित किया गया है।

(घ). 155रु, 165रु और 175रु के प्रस्तावित एमयूसी को वित्तीय वर्ष 2019-20, वि.व. 2020-21, वि.व. 2021-22 के राजस्व गणना में सुविचार किया गया है।

(ii). प्रत्यक्ष लागत – एमडीओएम में एलडीबी सेवा के लिए आईटी आऊटसोर्सिंग लागत शामिल है:

लागत तत्व	विवरण
एलडीबी और आरएफआईडी पैकेज लाइसेंस	बुनियादी एलडीबी सेवा पैकेज में एचएडीओ ओपी विश्लेषण मंच पर खोज सेवा शामिल है।
एलडीबी और आरएफआईडी पैकेज लाइसेंस समर्थन	विशिष्टता संवर्धन की लागत (नई विशेषताओं का विकास) और उन्नयन के लिए (मौजूदा प्रणाली का संवर्धन नया) लघु आशोधन और हैल्प डैस्क का तकनीकी समर्थन।
हैल्पडैस्क	एक सूचना और सहायक दल जो आंकड़ा संग्रहण और एलडीबी सेवा की समस्याओं का टेलीफोन, बातचीन (चैट) ई-मेल आदि द्वारा समाधान करेगा।
हास्टिंग सेवा	अवसंरचना स्रोत और सेवाएं लेना। प्रचालन प्रणाली, डाटाबेस अथा अन्य सेवा जैसे (जे बॉस, आईएसएस आदि) अनुरक्षण और प्रचालन, हडूप के लिए डाटा मंच (डीपीएच) का प्रयोग विभिन्न हितधारकों को विश्लेषण प्रदान करने के लिए है।
परियोजना प्रबंधन	सभी स्तरों पर परियोजना के पर्यवेक्षण के लिए परियोजना प्रबंधन दल।
यात्रा लागत	पत्तनों, सीएफएस, आईसीडी, टॉल प्लाजाओं आदि पर प्रचालनों और आईटी सेवाओं के प्रबंधन दल यात्रा लागत।
संचार और आकस्मिकता व्यय	संचार लागत में विभिन्न स्थलों में संबंध स्थापित करने की लागत, आरएफआईडी डाटा केंद्र और एलडी डाटा केंद्र के बीच संबद्धता लागत (पट्टा लाइन) के साथ-साथ आरएफआईडी की आकस्मिकता लागत। आकस्मिक लागत को 5% पर विचार में लिया गया है।

(iii). प्रत्यक्ष लागत- आरडीसीएफ में एलडीबी सेवा के फील्ड प्रचालनों को आऊटसोर्स करने की लागत होती है।

लागत तत्व	विवरण
क्योसक की लागत	प्रचलन स्टाफ और डीएमआईसीडीसी की आरएफआईडी की टैग मालसूची को रखने के लिए पत्तन टर्मिनल परिसर में क्योसक की स्थापना लागत।
क्योसक की बिजली लागत	कुल लागत का परिकलन बिजली की अपेक्षा (किलोवाट घंटा) को औसत प्रति यूनिट दर आईएनआर 10 के साथ गुणा करके किया गया है।
आरएफआईडी + हार्डवेयर की आवर्ती लागत	इसमें देश मे अनेकों स्थानों पर आरएफआईडी अवसंरचना की स्थापना लागत और स्थापित अवसंरचना जैसे यूपीएस, खंभा, केबल आदि, की आवर्ती अनुरक्षण लागत शामिल है।
आरएफआईडी प्रचालन और अनुरक्षण	यह टैगिंग, पत्तन पर प्रचालन और फील्ड सहायक सेवा के लिए मानवशक्ति लागत है।

(iv). **हार्डवयर और एफओआईएस लागत**

लागत तत्व	विवरण
आरएफआईडी टैग लागत	यह आरएफआईडी टैग की लागत है क्योंकि सभी आयातित कंटेनरों में टैग लगाये जाने हैं।
आरएफआईडी रीडर लागत	यह पत्तनों, सीएफएस, आईसीडी, टॉल प्लाजाओं आदि में अवसंरचना की स्थापना के लिए कंपनी द्वारा प्राप्त आरएफआईडी रीडरों की लागत है।

विद्युत व्यय	इसमें सभी स्थानों पर आरएफआईडी रीडरों और अन्य अवसंरचनाओं को 24x7 चलाने का बिजली व्यय शामिल है।
एफओआईएस लागत	एलडीबी का भारतीय रेल की भाड़ प्रचालन सूचना प्रणाली (एफओआईएस) से जुड़ी है जिससे सभी रेल वाहित कंटेनरों की ट्रैकिंग की जाती है। इसमें एफओआईएस से जुड़ने के लिए भारतीय रेल को संदेय लागत शामिल है।

(v). **एसजीए व्यय:**

इसमें डीएलडीएसएल के बिक्रय, सामान्य और प्रशासनिक व्यय की लागत शामिल है।

(vi). **अन्य व्यय/आय**–

(क). एचडीबी प्रचालनों के पिछले 3 वर्षों में डीएलडीएसएल की कुल हानि को प्राधिकरण को भेजे गए प्रस्ताव में प्रावधान किया गया है। महापत्तनों के प्रस्ताव में कुल हानि के 65% पर सुविचार किया जाता है। उसे वित्तीय वर्ष 2019-20, वि.व. 2020-21, वि.व. 2021-22 के लिए क्रमश: 20%, 30% और 50% में विभक्त किया गया है।

(ख). ऋण के प्रति डीएलडीएस द्वारा संदेय ऋण पर लागत।

3.4. तदनुसार, डीएमआईसीडीसी ने भारत में सभी महापत्तन न्यासों पर वर्ष 2019-20 से 2021-22 के दौरान 155/- रु., 165/-रु. और 175/- रु. प्रति कंटेनर एमयूसी की उगाही का अनुमोदन चाहा है।

4. निर्धारित परामर्शी प्रक्रिया के अनुसार, डीएमआईसीडीसी के 14 जनवरी 2019 के प्रस्ताव की प्रति सभी महापत्तन न्यासों और उनमें पूर्ववर्ती 2005, 2008 और 2013 के दिशानिर्देशों द्वारा शामिल निजी कंटेनर टर्मिनलों तथा सभी संबंधित प्रयोक्ताओं/प्रयोक्ता संगठनों के साथ परामर्श के लिये हमारे 31 जनवरी, 2019 के पत्र के द्वारा उनकी टिप्पणियों के लिए भेजा गया। कुछेक महापत्तन न्यासों और कुछ प्रयोक्ताओं/प्रयोक्ता संगठनों से टिप्पणियां प्राप्त हुई हें। इन टिप्पणियों पर डीएमआईसीडीसी की टिप्पणियां प्राप्त करने के लिए उन्हें भेज दिया गया। डीएमआईसीडीसी ने अपने 12 मार्च, 2019 के द्वारा महापत्तनों/प्रयोक्ताओं/प्रयोक्ता संगठनों की टिप्पणियों का प्रत्युत्तर दिया।

5.1. प्रस्ताव की आरंभिक समीक्षा के आधार पर, हमारे 2 अप्रैल 2019 के पत्र के द्वारा डीएमआईसीडीसी से अतिरिक्त सूचना/स्पष्टीकरण मांगा गया डीआईएमसीडीसी ने 26 अप्रैल, 2019 के पत्र के अतिरिक्त सूचना/स्पष्टीकरण और डीएमआईसीडीसी द्वारा दिया गया उत्तर को नीचे सारणीबद्ध किया जाता है:-

क्र.सं.	हमारे द्वारा मांगी गई सूचना/स्पष्टीकरण	डीएमआईसीडीसी द्वारा दिया गया उत्तर
क.	**सामान्य**	
(i).	वर्ष 2018-19 का वास्तविक राजस्व प्रस्तुत किया जाए।	वर्ष 2018-19 के लेखाओं को अभी अंतिम रूप नहीं दिया गया है। विभिन्न पत्तनों के साथ मार्च, 2019 माह के बीजकों का समाधान किया जा रहा है। तथापि, वित्तीय वर्ष 2018-19 का अंतरिम राजस्व 96.76 करोड़ रु. है जिसमें अप्रैल 2018 से फरवरी 19 तक 91.30 करोड़ के वास्तविक राजस्व में मार्च 2019 का 5.46 करोड़ रु. का प्रक्षेपित राजस्व जोड़ा गया है।
(ii)	13 फरवरी, 2015 के आदेश संख्या टीएएमपी/49/2014-जेएनपीटी के द्वारा अनिवार्य प्रयोक्ता प्रभार (एमयूसी) के निर्धारण में पैरा 7.1 (iv) वर्ष 2015-16 से 2018-19 की अवधि के दौरान एमयूसी की उगाही द्वारा तार्किक आंकड़ा बैंक (एलडीबी) के सेवा से हुए वास्तविक अतिरेक/घाटे की समीक्षा करने को कहता है। तदनुसार, उक्त अवधि के अतिरेक/घाटे की समीक्षा करने के लिए डीएमआईसीडीसी इसके साथ संलग्न	संलग्न प्रपत्र में वांछित ब्यौरा प्रस्तुत है। 13 फरवरी, 2015 के आदेश संख्या टीएएफपी/49/2014-जेएनपीटी में प्राधिकरण के साथ डीएलडीएसएल द्वारा साझा किए गए आकलन कुछेक संकल्पनाओं पर आधारित थे। फिर भी, वास्तविक परिदृश्य में व्यापार मॉडल में काफी परिवर्तन हुए थे। अत: परिवर्तन के आवश्यक कारणों का उल्लेख किया गया है। सुगम संदर्भ के लिए कुछ महत्वपूर्ण अस्वीकरण नीचे सूचीबद्ध हैं: (क). यातायात का आकलन टीईयू में कंटेनरों की संकल्पना पर आधारित

	प्रपत्र में वांछित ब्यौरा प्रस्तुत करे।	थे, जबकि वसूला गया वास्तविक राजस्व बाक्सों के आधार पर है जो कि टीईयू से कम है। 45 फुटा कंटेनर 2 टीईयू का होता है, फिर भी एमयूसी केवल एक बाक्स का ही वसूला गया। इसके अतिरिक्त, डीएलडीएसएल को तटीय और पोतांतरण कंटेनरों का राजस्व प्राप्त नहीं होता।. (ख). आंकड़ों को 2015-16 से 2018-19 के 4 वर्षों के लिए प्राधिकरण के साथ साझा किया गया तथापि, एलडीबी परियोजना जेएनपीटी पर जुलाई, 2016 में आरंभ हुई। वास्तविक की सभी प्रविष्टियां 2016-17 से 2018-19 तक के तीन वित्तीय वर्षों की है। (ग). साझा किए गए आकलन जेएनपीटी के केवल 3 टर्मिनलों के हैं। तथापि, 2016-17 के वास्तविक जेएनपीटी के राजस्व और लागतें (09 महीने) हैं। 2017-18 में जेएनपीटी, मुंद्रा और हजीरा और 2018-19 में जेएनपीटी, मुंद्रा और हजीरा तथा भारत में अन्य महापत्तनों और गैर-महापत्तनों (4 महीने) की है।.
(iii)	डीएमआईसीडीसी के वर्ष 2015-16, से 2018-19 के लेखापरीक्षित वार्षिक लेखे प्रस्तुत करें।	दिल्ली, मुंबई औद्योगिक गलियारा विकास निगम लिमिटेड (डीएमआईसीडीसी) का निगमन डीएमआईसी परियोजना की स्थापना, संवर्धन और विकास करने के लिए किया गया था। यह केंद्रीय सरकार की विभिन्न एजेंसियों के लिए निवेश क्षेत्रों/औद्योगिक क्षेत्रों / आर्थिक क्षेत्रों/ औद्योगिक नोडों तथा विभिन्न राज्य सरकारों की विकास सेवाओं को हाथ में लेती है। डीएमआईसीडीसी ने 30 दिसम्बर, 2015 को डीएमआईसीडीसी तार्किक आंकड़ा सेवा लिमिटेड (डीएलडीएसएल), एक विशेष प्रयोजन वाहन, का गठन किया। जिसका उद्देश्य भारतीय संभरण सैक्टर में प्रभावी उत्तोलन आईसीटी और आपूर्ति श्रृंखला में कुशलता लाने के लिए विभिन्न प्रक्रियाओं में उत्तम प्रथाएं लागू करना है। कंपनी का लक्ष्य संकरण वातावरण में पारदर्शिता लाना तथा आपूर्ति श्रृंखला के प्रचालनों को सुकर बनाना तथा भारत में व्यापार करने की सुगमता में सुधार लाने की सरकार की योजनाओं में सहायता करना है। कंपनी की मख्य परियोजना "तार्किक आंकड़ा बैंक प्रणाली (एलडीबी प्रणाली)" है जो भारत भर में आयात निर्यात कंटेनर व्यवहार्यता के साथ-साथ तुलनात्मक निष्पादन मीटरी प्रदान करती है। इसलिए, डीएलडीएसएल वित्तीय वर्ष 2015-16, 2016-17 और 2017-18 के लेखापरीक्षित वार्षिक लेखाओं को साझा करता है। लेखापरीक्षित वार्षिक लेखाओं की प्रति प्रस्तुत है।
(iv)	संलग्न प्रपत्र में यथा प्रस्तुत वर्ष 2015-16 से 2018-19 के लेखापरीक्षित वार्षिक लेखाओं में दिए गए आंकड़ों और आकलनों के बीच अंतर, यदि कोई हो, का समाधान करके समाधान विवरण प्रस्तुत करें।	लेखापरीक्षित वित्तीय व्यय शीर्ष जैसा नीचे सारणी में दर्शाया गया है, को मान्यकरण और समाधान के लिए अनुलग्नक-1 वास्तविक व्यय शीर्ष के जोड़ के प्रति जांचने की जरूरत है:-

लेखापरीक्षित वित्तीय व्यय (अनुलग्नक– 4)	**अनुलग्नक– 1 व्यय**
प्रत्यक्ष शुल्क और अन्य व्यय (केवल पट्टा किराया)	रेल एकीकरण शुल्क, आरएफआईडी प्रचालन, आरएफआईडी टैग, एलबीडी पैकेज लाइसेंस तथा सहायता वास्तविक समय हल, हैल्प डैस्क, हस्टिंग, टूल्स व संचार।
मूल्य ह्रास	मूल्य ह्रास

		अन्य व्यय (सिवाए पट्टा किराया) कर्मचारी हितलाभ, व्यय अन्य आय।	बिक्री, सामान्य व प्रशासनिक व्यय – आउटसोर्स वित्तीय और विविध आय (एफएम आई)
ख.	**लागत गणनाएं, डीएमआईसीडीसी द्वारा जनवरी 2019 के प्रस्ताव के पृष्ठ सं. 23 पर यथा प्रस्तुत**		
I.	**<u>एमयूसी के राजस्व</u>**		
	(i). सूचित किया गया है कि वर्ष 2019-20 का राजस्व वित्तीय वर्ष 2019-20 में 9.9 मिलियन बक्सों के कुल कंटेनर वाल्यूम और 155/- रु. प्रति कंटेनर के प्रस्तावित एमयूसी पर आधारित है। महापत्तनों और गैर-महापत्तनों पर कंटेनर वाल्यूम का अनुपात 65:35 है। इन प्रतिमानों के आधार पर राजस्व 99.74 करोड़ रु. निकलना चाहिए। इसके प्रति, डीएमआईसीडीसी ने वर्ष 2019-20 के लिए राजस्व 94.78 करोड़ रु. दर्शाया है। इसलिए, डीएमआईसीडीसी वर्ष 2019-20 से 2021-22 तक के प्रत्येक वर्ष के प्रक्षेपित राजस्व के समर्थन में विस्तृत गणना प्रस्तुत करे।	प्राधिकरण इस मामले में सही है कि वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए कुल कंटेनर वाल्यूम 9.9 मिलियन और कुल वाल्यूम का महापत्तनों पर कंटेनर वाल्यूम का अनुपात 65% है। अत: कुल कंटेनर वाल्यूम 6.4 मिलिनयन बाक्स हुआ। वित्तीय वर्ष 2019-20 में सुविचारित एमयूसी 155/- रु. प्रति कंटैनर है। फिर भी डीएलडीएसएल के राजस्व के परिकलन के लिए एमयूसी के 95% को विचार में लिया गया है अर्थात 155/- का 95% 147.3 है। एमयूसीका 5% पत्तन टर्मिनलों के साथ साझा करना है। इसलिए, वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए कुल राजस्व परिकलन 94.78 करोड़ रु. दर्शाया गया है।	

वर्षों की संख्या	3				
वर्ष			**2019**	**2020**	**2021**
प्रचालन माह			12	12	12
कंटेनर बाक्स मिलियन में (महापत्त्न)		65%	6.4	6.8	7.1
एमयूसी प्रति कंटेनर (रु. में)	10	वर्ष दर वर्ष वृद्धि	155	165	175
डीएलडीएसएल को प्रति कंटेनर % एमयूसी		पत्तन टर्मिनल का 5% हिस्सा	95%	95%	95%
एमयूसी प्रति कंटेनर (रु. में)			147.3	156.8	166.3
डीएलडीएसएस का राजस्व (महापत्तन)			**947.8**	**1059.4**	**1179.8**

II.	**<u>यातायात</u>**	
(i).	वर्ष 2020-21 और 2021-22 के दौरान पिछले वर्ष के यातायात पर 5% प्रति वर्ष की वृद्धि के लिए	यातायात में 5% प्रति वर्ष की वृद्धि का आधार पोत परिवहन मंत्रालय द्वारा दिए गए आंकड़े हैं जो पिछले 10 वर्षों का 4% सीएजीआर बताते हैं।

	सुविचार का आधार	फिर भी, 2017-18 में यह लगभग 7% था। अत: संतुलन रखते हुए हमने ऐतिहासिक और वर्तमान प्रवृत्ति को ध्यान में रखकर 5% वृद्धि को सुविचार में लिया है।
(ii).	महापत्तनों और गैर-महात्तनों पर 65:65:35 के कंटेनर वाल्यूम अनुपात पर विचार करने का अनुपात।	डूयरी और गेटवे रिसर्च की भारतीय कंटेनर मार्केट रिपोर्ट 2018 के अनुसार वित्तीय वर्ष 2017-18 के लिए महापत्तनों और गैर-महापत्तनों का टीईयू में अनुपात 60:40 परिकलित किया गया है। फिर भी, गैर-महापत्तन पोतांतरण कंटेनरों का काफी बड़ा प्रतिशत प्रहस्त करते हैं जिसे डीएलडीएसएल के राजस्व में जोड़ा नहीं जाता। इसलिए संतुलन के लिए महापत्तनों और गैर-महापत्तनों के 65:35 के अनुपात पर सुविचार किया गया है। तुरंत संदर्भ के लिए डूवरी और गेटवे रिसर्च द्वारा भारतीय कंटेनर मार्केट रिपोर्ट का संबंधित भाग प्रस्तुत किया जा रहा है। पूरी रिपोर्ट नीचे दिए गए लिंक के माध्यम से देखी जा सकती है:
(iii).	वर्ष 2019-20 के लिए 9.9 मिलियन कंटेनर वाल्यूम का आधार स्पष्ट किया जाए।	डूयरी और गेटवे रिसर्च की भारतीय कंटेनर मार्केट रिपोर्ट, 2018 के अनुसार (देखें अनुलग्नक3), वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान भारत में सभी महापत्तनों और लघु पत्तनों में टीईयू में कंटेनरों का कुल वाल्यूम, 15 मिलियन है। वित्तीय वर्ष 2018-19 और वित्तीय वर्ष 2019-20 में प्रतिशत वृद्धि 5% मानते हुए टीईयू में कंटेनरों का कुल वाल्यूम क्रमश: 15.8 मिलियन और 16.6 मिलियन निकलता है। फिर भी, डीएलडीएसएसल का राजस्व तटीय और पोतांतरण कंटेनरों को छोड़कर एक्जिम बाक्सों के आधार पर सृजित होता है न कि टीईयू में। टीईयू को बाक्सों में परिवर्तन का कारक 0.60 लिया गया है। यह कारक जेएनपीटी के 4 टर्मिनलों तथा मुंद्रा और हजीरा के 4 टर्मिनलों को हमारे एतिहासिक आंकड़ों पर आधारित है। इसलिए, वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए सुविचारित वाल्यूम 16.6 मिलियन को 0.60 से गुणा करके 9. 9 मिलियन कंटेनर निकलता है।

पत्त		वास्तविक कंटेनर यातायात (टीईयू)	पोतांतरण % वि.व.17-18
लघ		वि.व.17-18	
मुद्रा अंतराष्ट्रीय कंटेनर टर्मिनल	एमआईसीटीपीएल	1089156	9%
आदनी मुद्रा कंटेनर टर्मिनल	एएमसीटी	1286714	4%
आदनी अंतर्राष्ट्रीय टर्मिनल कंटनर	एआईसीटीपीएल	1571800	33%
आदनी सीएमए मुद्रा टर्मिनल	एसीएमटी	530742	10%
आदनी हजीरा कंटेनर टर्मिनल	एएचसीटी	500879	
इनोरे- कमाराजरा	एईसीटी	2638	
कट्टपल्लीया	केआईसीटी	490291	
केपीसीटी-कृष्णपट्टम	केपीसीटी	479552	44%
कुल गैर-		5951771	
महापत्त			
जवाहरलाल नेहरू पत्तन कंटेनर	जेएनपीसीटी	1481768	2%
नहाव शिवा अंतर्राष्ट्रीय कंटेनर टर्मिनल	एलएसआईसीटी	641122	1%
नहाव शिवा इंडिया गेटवे टर्मिनल	एनएसआईजीटी	659000	1%
एपीएम टर्मिनल्स मुंबई- वेटवे टर्मिनल्स इंडिया	जीटीआईपीएल	2027896	1%
बीएमसीटी	बीएमसीटी	23212	2%
कांडला	केआईसीटी	117162	
एनएमपीटी	एनएमपीटी-सी	115498	
मुरमगांव	एमपीटी-सी	21018	
सीओपीटी (आईसीटीटी)	आईसीटीटी	514997	7%
पारादवी	पीआईसीटी	6334	
सीसीटीपीएल- चेन्नई	सीसीटीपीएल	646482	
सीआईटीपीएल- चेन्नई	सीआईटीपीएल	901584	
विशाखा- विज़ाग	वीसीटीपीएल	388289	1%
कोलकोता	बीकेसीटी	640182	
हल्दिया	एचआईसीटी	156690	
पीएसए- शिकल -टूटीकोरिन	टीसीटी	495264	
डीबीजीटी -टूटीकोरिन	डीबीजीटी	201093	
एमबीपीटी	एमबीपीटी-सी	42387	
कुल		9079978	
कुल समग्र वल्यूम (महा+लघु		15031749	
लघु पत्तन	40%		
महापत्तन	60%		

परिवर्तन कारक 0.6 का परिकलन

कंनेटर टर्मिनल का नाम	के नाम से ज्ञात	स्थान	वि.व 2017-18 का यातायात टीईयू में	वास्तविक कंटेनर वि.व. 17-18 डीएलडीएसएल डाटा	टीईयू में वास्कों में परिवर्तन अनुपात
मुंद्रा अंतराष्ट्रीय कंटेनर टर्मिनल	एमआईसीटीपीएल	मुंद्रा	10,79,307	678559	0.628698785
अदानी मुंद्रा कंटेनर टर्मिनल	एएमसीटी	मुंद्रा	12,86,714	656447	0.510173201
अदानी अंतराष्ट्रीय टर्मिनल कंटेनर	एआईसीटीपीएल	मुंद्रा	15,71,800	609303	0.387646647
अदानी सीएमए मुंद्रा टर्मिनल	एसीएमसीटी	मुंद्रा	5,30,742	300446	0.566086724
अदानी हजीरा कंटेनर टर्मिनल	एएचसीटी	हजिरा	5,00,879	328995	0.656835284
न्हाव शिवा अंतर्राष्ट्रीय कंटेनर टर्मिनल	जेएनपीसीटी	मुंबई	14,81,768	1020883	0.68896278
न्हाव शिवा अंतर्राष्ट्रीय कंटेनर टर्मिनल	एनएसआईसीटी	मुंबई	6,41,122	412523	0.643439158
न्हाव शिवा इंडिया गेटवे टर्मिनल	एनएसआईजीटी	मुंबई	6,59,000	425836	0.646185129
एपीएम टर्मिनल्स मुंबई- वेटवे टर्मिनल्स इंडिया इंडिया	जीटीआईपीएल	मुंबई	20,27,896	1371714	0.676422262
			97,79,228	**5804706**	**0.593575076**

वित्तीय वर्ष 19-20 में 9.9 मिलियन बक्सों का प्रक्षेपित			
	वास्तविक (टीईयू में) वि.व.17-18	प्रक्षेपित कंटेनर वित्तीय वर्ष 18-19	प्रक्षेपित कंटेनर वित्तीय वर्ष 19-20
पिछले वर्ष पर प्रतिशत		5%	5%
समग्र कंटेनर (टीईयू	15.0	15.8	16.6
समग्र कंटेनर (बक्सों			9.9
परिवर्तन कारक			

III.	**प्रत्यक्ष लागत (एमडीओएम, आरडीसीएफ, हार्डवेयर+एफओआईएस)**	
(i).	वर्ष 2018-19 क लिए लागत की सभी मदों के वास्तविक भी प्रस्तुत करें।	वर्ष 2018-19 के लिए लागत की सभी मदों के वास्तविक भी प्रस्तुत करें। अनुलग्नक-1 में दर्शाए गए हैं। वित्तीय वर्ष 2018-19 के लेखाओं को अभी अंतिम रूप नहीं दिया गया है। फिर भी, वित्तीय वर्ष 2018-19 के अंतरिम व्यय, अप्रैल 2018 से दिसम्बर 2018 तक के वास्तविक व्यय और जनवरी, फरवरी तथा मार्च, 2019 के प्रक्षेपित व्ययों को सुविचार में लेने के पश्चात के हैं।
(ii).	प्रत्येक लागत तत्व को (जैसा डीएमआईसीडीसी के प्रस्ताव के पृष्ठ 23 में सूचीबद्ध है) निकालने की विस्तृत गणना भी प्रस्तुत करें। संबंधित लागत तत्वों के समर्थन में दस्तावेजी साक्ष्य भी प्रस्तुत करें।	लागत तत्वों के औचित्य के लिए कृपया अनुलग्नक-2 देखा जा सकता है।
(iii).	यह स्पष्ट नहीं है कि किस व्यय शीर्ष के अंतर्गत, संग्रहण एजेंटो को 5% राजस्व का भुगतान को लेखबद्ध किया गया है। उसे आवश्यक गणनाओं के साथ दर्शाया जाए।	डीएलडीएसएल ने कंटेनर वाल्यूम से गुणा करके और एमयूसी प्रभार के 95% का बीजक सभी संबंधित पत्तन टर्मिनलों को भेजा। पत्तन टर्मिनलों ने एलडीबी परियोजना के प्रति राजस्व की 100% वसूली की जबकि डीएलडीएसएल को 95% राजस्व भेजा और 5% राजस्व अपने पास एमयूसी संग्रहण प्रभार के रूप में अपने पास रख लिया। अत: संग्रहण एजेंटों को राजस्व के भुगतान को डीएलडीएसएल का राजस्व परिकलन करते समय हिसाब में लिया गया है।
(iv)	(क). व्यय के आकलन में डीएमआईसीडीसी द्वारा यथा सुविचारित वार्षिक वृद्धि कारक, जैसा नीचे दिया गया है के औचित्य की जरूरत है क्योंकि यह यह दिया गया है कि प्राधिकरण ने 4.26% के वृद्धिकारक को अनुमोदित किया गया है, जिसे पिछले वर्षों के वास्तविक/अनुमानों पर वर्ष 2019-20 से 2021-22 के व्यय का आकलन करने में सुविचार में लिया जाना है।	स्टॉफ के वेतन और परियोजना प्रबंधन लागत के लिए सुविचारित सीओएलए मात्र 5% है। तथापि, अवसंरचना में वृद्धि के कारण लागत में और अधिक वृद्धि हो रही है। एलडीबी की अवसंरचना और बढ़ेगी जैसे-जैसे डीएलडीएसएल टॉल प्लाजा आईसीडी, सीएफएस, औद्योगिक हब आदि जैसे स्थलों को कवर करता जाएगा। अवसंरचना में वृद्धि के साथ, नए आरएफआईडी रीडरों की अतिरिक्त जरूरत पड़ेगी और इन नए स्थलों के प्रबंधन के लिए मानवशक्ति में भी वृद्धि होगी। इसलिए, लागत में वृद्धि अतिरिक्त नए स्रोतों के कारण हो रही है।.

<table>
<tr><td></td><td>(i). सीओएलए के साथ कुल परियोजना प्रबंधन लागत लगभग-12%

(ii). स्टॉफ का वेतन – लगभग 8%

(iii). आरएफआईडी – लगभग 19%</td><td></td></tr>
<tr><td></td><td>(b). आकस्मिकता

यह स्पष्ट नहीं है कि आरएफआईडी व्यय के आकलन के लिए कितने आकस्मिकता कारकों पर सुविचार किया गया है। विस्तृत औचित्य के साथ उन्हें दर्शाया जाए।</td><td>चूंकि डीएलडीएसएल केवल आयात कंटेनरों की टैगिंग करता है,

इसलिए संबंधित वित्तीय वर्षों के लिए कंटेनर वाल्यूम के 50% के आधार पर आरएफआईडी लागत का परिकलन किया गया है। फिर भी 10% के आकस्मिकता कारक को टैग गुमने, तटीय और पोतांतरण कंटेनरों पर टैग लगाने के लिए सुविचार में लिया गया है।
<table>
<tr><th>आरएफआईडी टैग लागत (महापत्तन)</th><th></th><th></th><th>2019</th><th>2020</th><th>2021</th></tr>
<tr><td>कंटेनरों की कुल संख्या (मिलियन में)</td><td></td><td></td><td>6.4</td><td>6.8</td><td>7.1</td></tr>
<tr><td>टैग लगाए जाने वाले कंटेनर (मिलियन में)</td><td>50%</td><td>केवल आयात कंटेनरों को अैग लगाया जाना होता है।</td><td>3.2</td><td>3.4</td><td>3.5</td></tr>
<tr><td>प्रत्येक वर्ष अपेक्षित टैग संख्या (10% हानि सहित) (मि.लि. में)</td><td>10%</td><td></td><td>3.54</td><td>3.72</td><td>3.90</td></tr>
<tr><td>लागत प्रति टैग (रू. में)</td><td>26</td><td></td><td>92.04</td><td>96.65</td><td>101.48</td></tr>
</table></td></tr>
<tr><td>(v).</td><td>डीएमआईसीडीसी के प्रशुल्क का निर्णय लागत जमा नियोजित पूंजी पर 16% प्रतिफल को मिला कर किया गया है। विषयक प्रस्ताव में, ऐसा प्रतीत होता है कि डीएमआईसीडीसी ने गणना में न तो नियोजित पूंजी दर्शाई है और न ही प्रतिफल घटक। डीएमआईसीडीसी विचाराधीन प्रत्येक वर्ष के लिए अपने-अपने लागत आकलनों को नियोजित पूंजी तथा नियोजित पूंजी दर पर 16% प्रतिफल को जोड़कर पुनर्गणना करें। यह ध्यान देने योग्य है कि वर्ष 2015 में एमयूसी का नियतन करते समय नियोजित कार्यकारी पूंजी घटक पर (एक माह के आकलित प्रचालन व्ययों का रोकड़ शेष परिकलन शामिल है) @ 16% प्रतिफल पर सुविचार किया गया।</td><td>वर्ष 2015 में एमयूसी का नियतन करते समय, हमने नियोजित पूंजी पर 16% प्रतिफल पर विचार किया था, जिसमें पूंजी पर प्रतिफल में ब्याज लागत भी एक घटक था। हमारे वर्तमान प्रस्ताव में, हमने वास्तविक ब्याज लागत पर ही सुविचार किया है, इसलिए हमने पूंजी पर 16% प्रतिफल को एक संकल्पना के रूप में नहीं लिया है।</td></tr>
</table>

(vi)	डीएमआईसीडीसी ने एमयूसी के निर्धारण के लिए वर्तमान गणना में "ऋण पर ब्याज" को लागत के रूप में लिया है। इस संबंध में यहां यह उल्लेख करना समीचीन होगा कि यह प्राधिकरण नियोजित पूंजी पर 16% प्रतिफल की अनुमति देता है। 16% प्रतिफल दर का निर्धारण पूंजी आस्ति मूल्य विधि (सीएपीएम) के आधार पर किया जाता है। 16% प्रतिफल की दर का निर्धारण करने में ऋण की लागत एक प्रतिमान है। अत: "ऋण पर ब्याज" को प्रशुल्क निर्धारण गणना में लागत मद के रूप में अलग से नहीं लिया जाता।	हमारे वर्तमान प्रस्ताव में हमने नियोजित पूंजी पर 16% प्रतिफल का अनुरोध नहीं किया है, क्योंकि इस पर हमारे पहले के प्रस्ताव में सुविचार में लिया गया था। वर्तमान प्रस्ताव में हमने केवल वास्तविक ब्याज लागत ली है।

5.2. तत्पश्चात, हमने 22 मई, 2019 के अपने पत्र के द्वारा डीएमआईसीडीसी के प्रत्युत्तर से उठी, डीएमआईसीडीसी से अतिरिक्त सूचना/स्पष्टीकरण मांगा था। डीएमआईसीडीसी ने 24 मई, 2019 के अपने पत्र के द्वारा उनका उत्तर दिया। हमारे द्वारा मांगी गई सूचना और उन पर डीएमआईसीडीसी का उत्तर नीचे सरणीबद्ध किया जाता है:

क्र.सं	हमारे द्वारा मांगी गई सूचना/स्पष्टीकरण	डीएमआईसीडीसी द्वारा दिया गया उत्तर
	डीएमआईसीडीसी द्वारा प्रस्तुत अनुलग्नक-1 को देखकर यह पता चलता है कि वर्ष 2017-18 से संबंधित सभी व्ययों के कुल योग के आंकड़े 2017-18 के लेखापरीक्षित वार्षिक लेखाओं में दर्शाए गए व्यय के कुल जोड़ से मेल नहीं खाते। डीएमआईसीडीसी अनुलग्नक-1 में यथा प्रस्तुत वर्ष 2017-18 के व्यय के आंकड़ों और 2017-18 के लेखापरीक्षित वार्षिक लेखाओं के बीच अंतर का समाधान विवरण प्रस्तुत करें।	जैसा 26.04.2019 के पत्र के अनुलग्नक-1 में दर्शाया गया है। कुल प्रचालन लागत 5457 लाख रु. है। प्रबंधन तथा सामान्य व्ययों का योग 1075 लाख रु. है। अत: कुल व्यय 6532 लाख रु. है (मूल्य ह्रास और वित्त लागतों को छोड़कर)। मूल्य ह्रास और वित्त लागतों को छोड़कर इन दोनों लेखाओं का कुल व्यय 6532 लाख रु. और यह वही है जो वित्त वर्ष 2017-18 के लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण में दर्शाया गया है। अनुलग्नक-1 और लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण 2017-18 प्रस्तुत हैं।
(ii)	डीएमआईसीडीसी वर्ष 2018-19 के भी लेखापरीक्षित वार्षिक लेखे, प्रस्तुत करें यदि वह उपलब्ध नहीं है, डीएमआईसीडीसी बिना लेखा परीक्षा/अंतरिम वार्षिक लेखे 2018-19 प्रस्तुत करें।	डीएलडीएसएल के वर्ष 2018-19 के वित्तीय विवरण अभी भी अंतिमता तक नहीं है। फिर भी, वर्ष 2018-19 के अंतरिम वार्षिक लेखे प्रस्तुत हैं।
(iii)	2015-16, 2016-17 और 2017-18 के लेखा परीक्षित वार्षिक लेखे, डीएमआईसीडीसी द्वारा यथा प्रस्तुत, से देखा जाता है कि इनमें महापत्तनों और लघु पत्तनों के ही प्रचालनों के संयुक्त कर दिया गया है। चूंकि, डीएमआईसीडीसी का प्रस्ताव केवल महापत्तनों के एमयूसी प्रभारों के वियतन से संबंधित है। डीएमआईसीडीसी 2015-16 से 2018-19 वर्षों के अलग-अलग वार्षिक लेखे प्रस्तुत करें, जिनमें डीएमआईसीडीसी के महापत्तनों में प्रचालनों को ही दर्शाया गया है। प्रस्तुत किए जाने वाले पृथक लेखाओं में स्थाई आस्तियां भी दर्शाई जाएं जैसी समेकित वार्षिक लेखाओं में दर्शाई गई हैं।	यह ध्यान दिया जाए कि वित्तीय वर्ष 2016-17 में, परियोजना का प्रचालन जेएनपीटी के मात्र 4 कंटेनर टर्मिनलों पर ही आरंभ हुआ। वित्तीय वर्ष 2017-18 में जेएनपीटी में प्रचालनों के अतिरिक्त मुंदरा पत्तन में प्रचालन आरंभ हुआ और वर्ष 2018-19 में, प्राधिकरण के 8 जून, 2018 के आदेश के आधार पर अन्य पूर्वी और दक्षिणी पत्तनों में प्रचालन आरंभ हुए थे। प्रचालनों के आरंभ का पत्तन-वार ब्यौरा प्रस्तुत है। [वर्ष 2017-18 और 2018-19 का महापत्तनों का वर्ष-वार व्यय और राजस्व का ब्यौरा डीएमआईसीडीसी ने प्रस्तुत किया है, वह नीचे दिया जाता है।]

31.3.2018 को लागत विवरण:

वित्तीय वर्ष	**लेखा परीक्षित 2017-18 (रु. में)**
विवरण	**महापत्तन**
प्रचालनों से राजस्व	415,062,621
अन्य आय	-
कुल आय	**415,062,621**
खर्च	
प्रत्यक्ष खर्च	319,611,707
कर्मचारी हितलाभ व्यय	2,219,060
वित्तीय लागत	6,654,294
मूल्यह्रास	20,815,964
अन्य व्यय	79,558,424
कुल व्यय	**428,859,453**
कर पूर्व लाभ	**(13,796,831)**

31.3.2019 को लागत विवरण:

वित्तीय	**2018-19 अंतरिम (रु. में)**
विवरण	**महापत्तन**
प्रचालनों से राजस्व	560,155,502
अन्य आय	-
कुल आय	**560,155,502**
खर्च	
प्रत्यक्ष खर्च	459,202,544

		कर्मचारी हितलाभ व्यय	4,463,615	
		वित्तीय लागत	6,238,135	
		मूल्यह्रास	13,980,023	
		अन्य व्यय	66,115,780	
		कुल व्यय	**550,000,097**	
		कर पूर्व लाभ	**10,155,405**	

6.1. संदर्भाधीन मामले में भारत भर में निहित परामर्श को देखते हुए, मामले की संयुक्त सुनवाई दो भिन्न स्थानों पर हुई अर्थात् 25 फरवरी 2019 को मुंबई स्थित प्राधिकरण के कार्यालय में और 01 मार्च, 2019 को चेन्नई पत्तन न्यास परिसर, चेन्नई में।

6.2. दोनों संयुक्त सुनवाइयों में, डीएसडीएसएल ने प्रस्ताव का संक्षिप्त पावर प्वाईं प्रस्तुतकरण दिया। संयुक्त सुनवाइयों में, महापत्तन न्यासों/निजी कंटेनर टर्मिनल प्रचालकों, प्रयोक्ताओं/प्रयोक्ता संगठनों और डीएमआईसीडीसी ने अपने-अपने निवेदन रखे।

7.1. इसी बीच, जेएनपीटी ने 15 अप्रैल, 2019 के अपने आवेदन पत्र में अनुरोध किया कि उसे डीएमआईसीडीसी के प्रस्ताव पर अपनी टिप्पणियां प्रस्तुत करने के लिए डीएमआईसीडीसी के लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण उपलब्ध कराए जाएं। हमारे द्वारा मांगी गई अतिरिक्त सूचना/स्पष्टीकरण मांगने पर डीएमआईसीडीसी द्वारा भेजे गए लेखापरीक्षित लेखा विवरण, जेसा ऊपर चर्चा की गई है, जेएनपीटी को भेज दिए गए ताकि जेएनपीटी अपनी टिप्पणियां प्रस्तुत कर सके।

7.2. इस संबंध में, जेएनपीटी ने 15 मई, 2019 के अपने पत्र के द्वारा बताया कि जेएनपीटी डीएमआईसीडीसी के प्रस्ताव पर तभी अपनी टिप्पणियां दे पाएगा जब एमयूसी प्रभारों से सबंधित विधिवत लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण पत्तन-वार आय और व्यय प्राप्त होंगे न कि समेकित लेखापरीक्षित वार्षिक लेखे, जैसे प्राधिकरण ने भेजे हैं।

7.3. जेएनपीटी से प्राप्त पत्र की प्रति डीएमआईसीडीसी को समुचित कार्रवाई करने के लिए भेज दी गई। इस संबंध में डीएमआईसीडीसी ने 24 मई, 2019 के अपने पत्र के द्वारा अन्य के साथ-साथ यह उत्तर दिया। डीएलडीएसएल सभी महापत्तनों और लघुपत्तनों के समेकित लेखे तेयार करता है कयोंकि पत्तन-वार आय और व्यय विवरण तैयार करने ओर पत्तन-वार लाभप्रदता का परिकलन करने की कोई सांविधिक अपेक्षा नहीं है।

7.4. हमने 07 जून, 2019 के अपने पत्र के द्वारा डीएमआईसीडीसी के उत्तर को जेएनपीटी को भेज दिया और उनसे 11 जून, 2019 तक अपनी टिप्पणियां भेजने का अनुरोध किया। मामले की अंतिमता तक जेएनपीटी ने कोई उत्तर नहीं दिया।

8.1. एमयूसी के वर्तमान प्रशुल्क की आरम्भिक वैधता 31 मार्च, 2019 को समाप्त हो रही थी को ध्यान में रखकर तथा हितधारको द्वारा किए गए निवेदनों का विश्लेषण करने में लगने वाले अपेक्षित समय और इस प्राधिकरण द्वारा अंतिम सुविचार के लिए प्रस्ताव की परिपक्वता के लिए व प्रशुल्क में रिक्तता से बचने के लिए, इस प्राधिकरण ने 26 फरवरी, 2019 के आदेश संख्या टीएएफपी/46/2018-एमयूसी द्वारा सभी महापत्तन न्यासों और उनमें कार्यरत बीओटी प्रचालकों के दमानों में एमयूसी की उगाही के वर्तमान प्रशुल्क की वैधता का 31 मार्च, 2019 से आगे तीन महीने के लिए अर्थात् 30 जून, 2019 तक या डीएमआईसीडीसी द्वारा दायर प्रस्ताव के आधार पर एमयूसी की उगाही के लिए नियत किए जाने वाले नए प्रशुल्क के कार्यान्वयन की प्रभावी तारीख तक जो भी पहले हो, विस्तार किया गया।

8.2. तत्पश्चात, एमयूसी की वैधता को 30 जून, 2019 से आगे अर्थात् 01 जुलाई, 2019 से की वैधता को विस्तार नई एमयूसी दरों के अनुमोदन के प्रभावी होने तक या 30 सितम्बर, 2019 तक, जो भी पहले हो, दिया गया है।

9. इस मामले में परामर्श संबंधी कार्रवाई इस प्राधिकरण के कार्यालयी रिकॉर्ड में उपलब्ध है। संबंधित पक्षों द्वारा दिए गए मतों का सार उनको पृथक रूप से प्रेषित किया जाएगा। ये विवरण हमारी वेबसाइट http://tariffauthority.gov.in पर उपलब्ध कराए जाएंगे।

10. मामले की प्रक्रिया के दौरान एकत्र की गई सूचना की समग्रता के संदर्भ से निम्नलिखित स्थिति उभर कर सामने आती है:

(i). इंडस्ट्रियल कॉरीडोर डवैलपमैंट कॉर्पोरेशन (डीएमआईसीडीसी) ने डीएमआईसीडीसी तार्किक आंकड़ा सेवा लिमिटेड (डीएलडीएसएल) नामक एक विशेष प्रयोजन वाहन (एसपीवी) का गठन किया। यह राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यान्वयन न्यास और जापान के एलईसी कॉर्पोरेशन का एक एसपीवी है। डीएलडीएसएल का तार्किक आंकड़ा बैंक (एलडीबी) आपूर्ति श्रृंखला की विभिन्न एजेंसियों के पास उपलब्ध सूचना को विस्तृत वास्तविक, समय सूचना और नजदीकी वास्तविक समय दृश्यता का आरएफआईडी प्रौद्योगिकी का प्रयोग करते हुए एकीकृत करके एक खिड़की में उपलबध कराता है और इस प्रकार कंटेनर संकरण अवागमन को सुकर बनाता है। इसे आरंभ में वर्ष 2016 में जवाहरलाल नेहरू पत्तन न्यास (जेएनपीटी) में प्रारंभ किया गया और तत्पश्चात इसे धीरे-धीरे सभी महापत्तन न्यासों और उनमें परिचालित निजी टर्मिनलों में कार्यान्वित किया गया। चूंकि प्रस्ताव डीएमआईसीडीसी ने दायर किया है, प्रस्ताव पर सुविचार डीएमआईसीडीसी के प्रशुलक के अनुमोदन का है जिसे सभी महापत्तन न्यासों और उनमें प्रचालित सभी बीओटी टर्मिनलों द्वारा कार्यान्वित किया जाता है।

(ii). यह स्मरण किया जाए कि, जेएनपीटी द्वारा दायर प्रस्ताव, जो फरवरी 2015 के प्रशुल्क आदेश के रूप में सामने आया। चूंकि, डीएमआईसीडीसी एक भिन्न प्रकार की श्रेणी का सेवा प्रदाता है, इसके प्रशुल्क वर्ष 2017-18 और 2018-19 के वास्तविक वित्तीय स्थिति और वर्ष 2019-20 और 2020-21 के अनुमानों पर आधारित है जैसा इसके बाद चर्चा की गयी है। फिर भी डीएलडीएसएल का घाट की ओर तैनात प्रचालन स्टाफ, पत्तन परिसर के प्रवेश और बाहर के गेट के साथ-साथ रेलवे साइडिंग कंटेनरों पर आरएफआईडी टैग लगाने का कार्य करते हैं। चूंकि, यह सेवा महापत्तन न्यास अधिनियम, 1963 की धारा 48(1)(ड.) [पोत, यात्री और सामान के संबंध में अन्य कोई सेवा] के अंतर्गत आती है, इसलिए डीएलडीएसएल द्वारा कटेनर की दी जा रही सेवा के अंतर्गत आती है इसलिए उस सेवा का प्रशुल्क निर्धारण इस प्राधिकरण द्वारा किया जाता है।

(iii). कुछेक महापत्तन न्यासों और उनमें प्रचालित बीओटी टर्मिनलों में वर्ष 2017-18 में 135/-रु. और 2018-19 के लिए 145/-रु. प्रति कंटेनर की दर से वर्ष 2017-18 और 2018-19 के लिए डीएमआईसीडीसी द्वारा प्रदान की जा रही एलडीबी सेवाओं से संबंधित संयुक्त वित्तीय परिणाम 36.41 लाख रुपए का घाटा [(13796831)+10155405] दर्शा रहा है। इसलिए, आगामी प्रशुल्क चक्र के लिए 145/- रु. प्रति कंटेनर की दर को जारी रखना उपयुक्त नहीं है। जबकि डीएमसीआईडीसी पूर्ण रूप से प्रचालन संपन्न करने का प्रयास कर रहा है। जैसा कि डीएमआईसीडीसी ने बताया है एलडीबी भारत-जापान भागीदारी परियोजना है और इसकी घोषणा दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों के संयुक्त वक्तव्य में की गई थी। इस परियोजना को पोत परिवहन मंत्रालय, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, रेल मंत्रालय तथा वाणिज्य और उद्योग मंत्रालयों के सहयोग से कार्यान्वित किया जा रहा है। परियोजना की उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए और कि एलडीबी परियोजना विकास के चरण में है और चुंकि मौजूदा एमयू घाटे की स्थिति दर्शाता है, यह प्राधिकरण वर्ष 2019-20 और 2020-21 के लिए डीएमसीआईडीसी द्वारा यथा प्रस्तावित एमयूसी की क्रमश: 155/- रु. प्रति कंटेनर और 165/- रु. प्रति कंटेनर की दर को अनुमोदित करने को प्रवृत है।

यहाँ तक कि, वर्ष 2019-20 और 2020-21 के लिए क्रमश: 155/- रु. प्रति कंटेनर और 165/- रु. प्रति कंटेनर की प्रस्तावित दर के आधार पर डीएमसीआईडीसी आकलित आय पर तथा उक्त दोनों वर्षों के आकलित व्यय को सुविचार में लेते हुए डीएमआईसीडीसी को 16% प्रतिफल प्राप्त करने का अनुमान नहीं है। तथापि, वर्ष 2021-22 के लिए, डीएमआईसीडीसी को 175/- रु. प्रति कंटेनर की प्रस्तावित दर के आधार पर अधिशेष से परे 16% प्रतिफल प्राप्त करने का अनुमान है।

दरों को दो वर्ष की अवधि के लिए निर्धारित किया जाता है। तत्पश्चात, 2019-20 और 2020-21 के वास्तविकों के आधार पर, जो सभी महापत्तन न्यासों और उनमें प्रचालित बीओटी टर्मिनलों के पूरे वर्ष के एमयूसी प्रभारों की उगाही को लेखबद्ध करेंगे। 155/- रु. प्रति कंटेनर और 165/- रु. प्रति कंटेनर की दर की समीक्षा की जाएगी और प्रशुल्क आगामी तीन वर्ष के प्रशुल्क चक्र के लिए नियत किया जा सकेगा।

(iv). कोलकाता पत्तन न्यास (केओपीटी) के साथ-साथ कुछेक प्रयोक्ताओं ने डीएमआईसीडीसी द्वारा एमयूसी में वृद्धि की यथाप्रस्तावित द्वारा का विरोध किया और वर्तमान एमयूसी को जारी रखने का अनुरोध किया। जैसा पिछले पैरा में बताया गया है कि वर्ष 2017-18 के लिए 135/- रु. प्रति कंटेनर और वर्ष 2018-19 के लिए 145/-

रु. प्रति कंटेनर की दर के आधार पर वित्तीय स्थिति 36.41 लाख रु. तक की धारा दर्शा रही है। इसलिए, एमयूसी में वृद्धि श्लाधय है। यह भी कि डीएमआईसीडीसी ने बताया है कि एलडीबी परियोजना की लम्बी सतर्कता अवधि है, जिसके लिए स्वस्थप्रद परिणाम पाने में 10 वर्ष अपेक्षित होंगे।

(v). कुल एमयूसी का 5% महापत्तन न्यासों और बीओटी टर्मिनल प्रचालकों को एमयूसी संग्रह करने के आंकड़ा प्रहस्तन प्रभार के रूप में दिया जाता है। संदर्भधीन मामले से संबंधित कार्यवाहियों के दौरान, हितधारकों द्वारा प्रतिशत हिस्से को बढ़ाने की मांग की गई है। समग्र व्यापार के विकास को ध्यान में रखकर और व्यापार के हितों को ध्यान में रखते हुए, डीएमआईसीडीसी ने महापत्तन न्यासों और उनमें प्रचालित बीओटी टर्मिनलों द्वारा 5% एमयूसी रखने की वर्तमान प्रथा को जारी रखने का अनुरोध किया। हितधारकों द्वारा 5% एमयूसी से अधिक किया गया व्यय, उनके संबंधित सामान्य संशोधन प्रस्तावों में यह वार्षिक राजस्व अपेक्षा (एआरआर) की व्यय की मद हो सकती है।

(vi). जेएनपीटी ने एमयूसी प्रभारों के संबंध में पत्तन-वार लेखापरीक्षित आय और व्यय विवरण देने का अनुरोध किया था। इस संबंध में डीएमआईसीडीसी ने बताया कि सभी महापत्तनों और लघुपत्तनों के समेकित लेखे तेयार करता है कयोंकि पत्तन-वार आय और व्यय विवरण तैयार करने ओर पत्तन-वार लाभप्रदता का परिकलन करने की कोई सांविधिक अपेक्षा नहीं है। इस पृष्ठभूमि में, जेएनपीटी को अपनी टिप्पणियां प्रस्तुत करने का अनुरोध किया गया था। जेएनपीटी ने मामले की अंतिमता तक कोई उत्तर नहीं दिया। जिस पर भी, संयुक्त सुनवाई के दौरान जेएनपीटी की चिंता मात्र यह थी कि जेएनपीटी के यातायात में वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि हो रही है। क्या कहीं जेएनपीटी, एमयूसी की उगाही द्वारा अन्यों को क्रॉस-सहायता तो नहीं कर रहा। इस संबंध में संयुक्त सुनवाई के दौरान, डीएमआईसीडीसी ने जेएनपीटी को यह स्पष्ट किया कि अन्य पत्तन टर्मिनलों से भिन्न, चूंकि जेएनपीटी के आस-पास बहुत से सीएफएस प्रचालन में है, जेएनपीटी के प्रयोक्ताओं को इस सुविधा से लाभ प्राप्त होता है।

11.1. परिणाम में और उत्तर दिए गए कारणों से, तथा संयुक्त विचार-विमर्श के आधार पर, यह प्राधिकरण निम्नलिखित का अनुमोदन प्रदान करता है:

(i). पारित आदेश के भारत के राजपत्र में अधिसूचना की तारीख से 15 दिन की समाप्ति पर सभी महापत्तनों और उनमें प्रचालित बीओटी टर्मिनलों से अनिवार्य प्रयोक्ता प्राभार के रूप में 155/- रु. प्रति कंटेनर की उगाही एक वर्ष तक वैध रहेगी। एक वर्ष की समाप्ति के पश्चात एक और वर्ष के लिए एमयूसी के रूप में 165/- रु. प्रति कंटेनर की उगाही की जाएगी। दिया गया अनुमोदन स्वत: ही व्यपगत हो जाएगा जब तक कि उसमें इस प्राधिकरण द्वारा विशेष रूप से विस्तार नहीं कर दिया जाता।

(ii). प्रशुल्क के निर्धारण के लिए 2008, 2013 और 2019 (पूर्ववर्ती 2005) के दिशा-निर्देशों के अंतर्गत शासी सभी महापत्तन न्यासों और उनमें प्रचालित सभी बीओटी टर्मिनलों के दरमानों में निम्नलिखित उपबंध अंतर्विष्ट किया जाए:-

"सभी महापत्तन न्यासों और उनमें प्रचालित बीओटी टर्मिनलों पर प्रहस्त सभी कंटेनरों (सिवाए पोतांतरण और तटीय) पर 155**/-** रु. की राशि प्रति कंटेनर डीएमआईसीडीसी द्वारा प्रदत्त तार्किक आंकड़ा बैंक (एलडीबी) सेवा के लिए अनिवार्य प्रयोक्ता प्रभार एक वर्ष की अवधि के लिए उगाही जाएगी। एक वर्ष की समाप्ति के पश्चात एमयूसी के रूप में 165**/-** रु प्रति कंटेनर और एक वर्ष के लिए उगाहे जाएंगे। दिया गया अनुमोदन तत्पश्चात स्वत: ही व्यपगत हो जाएगा जब तक कि इस प्राधिकरण द्वारा इसमें विशेष रूप से विस्तार नहीं कर दिया जाता।"

(iii). निर्धारित 155**/-** रु प्रति कंटेनर और 165**/-** रु प्रति कंटेनर का एमयूसी अधिकतम स्तर है। महापत्तन न्यास और उनमें प्रचालित बीओटी टर्मिनल डीएमआईसीडीसी द्वारा अधिकृत करने पर कम दरों पर उगाही कर सकते हैं।

(iv). पत्तनों से आईसीडी और अंतिम प्रयोक्ता तक कंटेनरों की आवाजाही की ट्रैकिंग और पर्यवलोकन की सुविधा एमयूसी के भुगतान के प्रति प्रयोक्ताओं को उपलबध कराई जाएगी।

(v). कुल एमयूसी का 5% डीएमआईसीडीसी द्वारा महापत्तनों और उनमें प्रचालित बीओटी टर्मिनलों को एमयूसी एकत्र करने के लिए अदा किया जाएगा।

(vi). बीओटी टर्मिनलों द्वारा एकत्र किए गए एमयूसी पर बीओटी टर्मिनल पत्तन न्यासों को कोई रायल्टी/राजस्व हिस्से का भुगतान नहीं किया जाएगा।

(vii). 155 रु./- कंटेनर और 165 रु./ कंटेनर की दर की समीक्षा की जाएगी और प्रशुल्क को आगामी तीन वर्षीय प्रशुल्क चक्र के लिए नियत किया जाएगा।

11.2. डीएमसीआईडीसी के अधिसूचित दरों की समाप्ति से कम-से-कम 2 महीने पहले एमयूसी नियत करने का प्रस्ताव दायर करने की सलाह दी जाती है।

11.3. जैसा पहले चर्चा की गई है, एमयूसी की मौजूदा उगाही की वैधता को 30 जून, 2019 तक बढ़ाया गया था। 145/- रु. के मौजूदा एमयूसी को 30 जून, 2019 के आगे 30 सितम्बर, 2019 तक अथवा सभी महापत्तन न्यासों और उनमें प्रचालित निजी टर्मिनलों में 155/- रु. प्रति कंटेनर का संशोधित एमयूसी लागू होने की तारीख तक, जो भी पहले हो, विस्तारित समझा जाता है।

टी. एस. बालसुब्रमनियन, सदस्य (वित्त)

[विज्ञापन-III/4/असा./184/19]

TARIFF AUTHORITY FOR MAJOR PORTS

NOTIFICATION

Mumbai, the 9th August, 2019

No. TAMP/12/2019-MUC.—In exercise of the powers conferred under Section 48 of the Major Port Trusts Act, 1963, (38 of 1963) the Tariff Authority for Major Ports hereby disposes of the proposal received from Delhi – Mumbai Industrial Corridor Development Corporation (DMICDC) for levy of Mandatory User Charges (MUC) for DMICDC's Logistics Data Bank (LDB) project across all the Major Port Trusts and BOT operators operating thereat, as in the Order appended hereto.

TARIFF AUTHORITY FOR MAJOR PORTS

Case No. TAMP/12/2019-MUC.

QUORUM

(i). Shri. T.S. Balasubramanian, Member (Finance)

(ii). Shri. Rajat Sachar, Member (Economic)

O R D E R

(Passed on this 24th day of July 2019)

This case relates to a proposal received Delhi-Mumbai Industrial Corridor Development Corporation (DMICDC) for approval of levy of Mandatory User Charges (MUC) for DMICDC's Logistics Data Bank (LDB) project across all the Major Port Trusts and BOT operators operating thereat.

2.1. The Government of India is developing the Delhi Mumbai Industrial Corridor (DMIC) as a global manufacturing and investment destination. For this propose, a special propose Vehicle (SPV) namely the Delhi- Mumbai Industrial Corridor Development Corporation (DMICDC) has been incorporated for program managing the development of the DMIC Project.

2.2. All the stakeholders involved in the cargo movement have their own standalone information system to manage their operations. Since these systems are not integrated with each other, they do not exchange information on real time basis. Thus, to keep a track on the movement of containers across the ports to the ICDs and the end users, the DMICDC has developed the Logistic Data Bank (LDB) to integrate the information available with various agencies across the supply chain to provide detailed real time information within a single window. The project is intended to provide the near real time visibility of the container movement across the supply chain, thereby streamlining the container logistic movement.

